राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## माननीय राज्यपाल ने राजस्थानी लोक संगीत को सुना

## नक्की झील में बोटिंग कर माउंट आबू की प्राकृतिक छटा को निहारा

जयपुर/ सिरोही,26 सितंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार सायं माउंट आबू में नक्की झील के किनारे राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक गीतों को पूरी तन्मयता से सुनते हुए राजस्थानी लोक संगीत की सराहना की एवं लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने लोक कलाकारों से संवाद करते हुए उनकी कला की प्रशंसा की। इस दौरान लोक कलाकारों ने "पधारो म्हारे देश" जैसे गीतों की प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया।

राज्यपाल श्री बागडे ने नक्की झील में बोटिंग कर माउंट आबू की प्राकृतिक छटा को निहारा। इस दौरान बोटिंग करते हुए अन्य पर्यटकों ने उन्हें देखकर हाथ हिलाया जिसके जवाब में राज्यपाल ने भी उनका हाथ हिलाकर अभिवादन किया।उन्होंने इस दौरान आबू पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न जानकारी लेते हुए, इसे एक रमणीय स्थल बताया।

---



